# जुड़वां 3 को टाइगर श्रॉफ के साथ बनाएंगे डेविड धवन!

अपने बेटे वरुण धवन के साथ जुड़वा 2 बनाने के बाद अब डेविड धवन इसके तीसरे पार्ट की प्लानिंग कर रहे हैं। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रड्यूस किया था। अब खबर है कि नाडियाडवाला और डेविड धवन जुड़वां 3 की तैयारियों में लग गए हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस फिल्म में डेविड धवन अपने बेटे वरुण को नहीं लेना चाहते। बता दें कि जुड़वां 2 को डेविड ने वरुण के साथ बनाया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, 65 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 200 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई की थी और ब्लॉकबस्टर रही। पर अब साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को किसी नए ऐक्टर के साथ बनाना चाहते हैं। इसीलिए न तो इस फिल्म में वरुण नजर आएंगे और न ही सलमान खान। जुड़वा 3 1997 में आई सलमान की ही फिल्म जुड़वां का तीसरा पार्ट है। उसे भी डेविड धवन ने बनाया था और साजिद ने प्रड्यूस किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो मेकर्स जुड़वां 3 में टाइगर श्रॉफ को लेने का मन बना रहे हैं। हालांकि अभी यह कन्फर्म नहीं हैं। वहीं फीमेल लीड के लिए सारा अली खान, जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे में से किसी एक को लेने की चर्चा है। जबकि सेकंड लीड के लिए दिशा पाटनी को साइन किया जा सकता है। हालांकि जब तक ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं हो जाती, तब तक कुछ भी कह पाना मुश्किल है। वहीं टाइगर श्रॉफ की फिल्म बागी 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। बागी 3 को अहमद खान ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में टाइगर के अलावा रितेश देशमुख और श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।

# अपने ही स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि बनी रिद्धिमा पंडित

अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित को उनके स्कूल ने वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया, जिससे वह काफी खुश हुई। रिद्धिमा के लिए अपने स्कूल वापस जाना काफी मायने रखता है, क्योंकि उन्हें लगता है कि अपने स्कूल को किसी भी माध्यम से कुछ वापस देने का यह शानदार अवसर है। अभिनेत्री में छात्र जीवन से ही अभिनय और एंकरिंग के बीज प्रस्फूटित होने लगे थे। इस बारे में रिद्धिमा ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है। स्कूल को कुछ वापस देना मेरे लिए काफी बड़ी बात है। स्कूल द्वारा आमंत्रित और सम्मानित किया जाना बहुत मायने रखता है। हालांकि मैं एक औसत छात्रा थी, लेकिन मुझे एकमात्र स्थान जहां मुझे काफी महत्व दिया जाता था, वह स्टेज था। उन्होंने कहा, मुझे काफी पहले ही पता चल चुका था, कि मैं खुद को मंच और लाइट्स में देखना चाहती थी। मेरे शिक्षकों ने इसे पहचाना और अब वे मुझे अपने मुख्य अतिथि के रूप में देख बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने खेल के दिनों में कभी कुछ नहीं जीता। हालांकि जब अभिनय की बात आती थी, तो मैं शीर्ष पर होती थी और मेरे शिक्षक इस बात पर गौर करते थे। मैं अपने स्कूल के प्रति काफी एहसानमंद हूं और युवा प्रतिभाओं को देख कर काफी खुशी होती है और लगता है कि मैं फिर से बच्ची बन गई हूं।

# शिवांगी जोशी ने म्यूजिक वीडियो में किया डेब्यू

टीवी अभिनेत्री शिवांगी जोशी ने निखिल डीसूजा के साथ म्यूजिक वीडियो क्षेत्र में कदम रखा है। इस म्यूजिक वीडियो का शीर्षक आदतें है। इसे गौरव डगांवकर ने कंपोज किया है, जबकि अनुराग बोहेमिया ने लिखा है। शिवांगी ने बताया, इन दिनों म्यूजिक वीडियो की काफी होड़ है और शायद यही कारण है कि इसे लेकर मैं काफी चयनात्मक रही हूं। मैं हमेशा से चाहती थी कि मेरा म्यूजिक वीडियो अच्छा हो, आत्मा से जुड़ा हो और जिससे जुड़ाव महसूस हो। आदतें गाना इन सभी तत्वों का मिश्रण है। मुझे इससे बेहतर म्यूजिक वीडियो नहीं मिल सकता था। आदतें लेटेस्ट म्यूजिक सीरीज डबलमिंट फ्रेश टेक का हिस्सा है, जिसे मार्स व्रिग्ले ने म्यूजिक एंटरटेनमेंट कंपनी सॉन्गफेस्ट के साथ मिलकर प्रस्तुत किया है।

# अरबाज खान के साथ काम करना था मुश्किलःजॉर्जिया ऐंड्रियानी

अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया दबंग 3 से डेब्यू कर रही हैं इस बात के काफी चर्चे थे। हालांकि वह इस फिल्म में तो नहीं लेकिन श्रीदेवी बंगलो में वह अरबाज खान के साथ दिखाई देंगी। श्रीदेवी बंगलो सस्पेंस थ्रिलर है इसमें उन्होंने आइटम नंबर किया है। जॉर्जिया ने इससे पहले कभी बॉलिवुड स्टाइल डांस नहीं किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह एक बहुत ही कॉन्शस डांसर हैं, उन्हें कथक और अलग-अलग तरह का डांस सीखने में कुछ दिन लगे। उन्होंने बताया कि अरबाज के साथ काम करने को लेकर भी काफी नर्वस थी। इसकी वजह उन्होंने बताई कि जिन्हें वह ज्यादा बात नहीं करती हैं उनके साथ काम करना आसान होता है। जॉर्जिया और अरबाज के रिश्तों को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं।

# जिम लुक की चर्चा होने से मायूस हैं जाह्नवी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी फिल्मों के बजाये जिम लुक और शॉर्ट्स की चर्चा होने से मायूस हैं। बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर ने फिल्म धड़क से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह अपनी फिल्मों और एक्टिंग से ज्यादा अपनी जिम फोटोज़ की वजह से चर्चा में रहती हैं। जाह्नवी ने भी इस बात को माना है कि लोग उनकी फिल्मों से ज्यादा उनके जिम लुक और शॉर्ट्स की चर्चा करते हैं। इस बात से वह मायूस भी हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



जाह्नवी कपूर ने कहा, जब मेरी फिल्म 'धड़क' रिलीज हुई थी उसके बाद लोग मेरे पास आकर कहते थे कि उन्हें मेरी फिल्म अच्छी लगी। लेकिन अब लोग मिलते हैं तो कहते हैं कि मेरा जिम लुक अच्छा है, वो मेरा जिम लुक फॉलो करते हैं, उन्हें मेरे शॉर्ट्स पसंद हैं। ये सुनकर ऐसा लगता है 'मैं 'धड़क' के लिए जानी जाती हूं या जिम लुक्स के लिए। ये थोड़ा अजीब भी लगता है, लेकिन इसके लिए मैं उन्हें ब्लेम नहीं कर सकती क्योंकि 'धड़क' के बाद मेरी फोई फिल्म रिलीज़ भी नहीं हुई। अब मेरी कई फिल्में आने वाली हैं उम्मीद है लोग मेरी फिल्मों के बारे में बात करेंगे। न की मेरे शॉर्ट्स के बारे में।

जाह्नवी जल्द ही पंकज त्रिपाठी के साथ 'गुंजन सक्सेना' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वो 'रूही-अफज़ा', 'दोस्ताना-2' और 'तख्त' में भी बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं।

# जब कार्तिक आर्यन ने अपनी गर्लफ्रेंड को बताया अपनी कजन



कार्तिक आर्यन बॉलिवुड के मोस्ट एलिजिबल बैचलर हैं। इतना ही नहीं उनकी फीमेल फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। वह आम लड़कियों ही नहीं बल्कि कुछ बॉलिवुड दीवाज के भी क्रश हैं।

कार्तिक का नाम उनकी को-स्टार्स सारा अली खान और अनन्या पांडे के साथ जुड़ चुका है। अब वैलंटाइंस डे आने वाला है तो ऐसे में उन्होंने अपनी टीनेज का एक प्यार का किस्सा याद किया।

कार्तिक बताते हैं, मुझे याद है जब मैं 16 साल का था तो मेरी गर्लफ्रेंड और मैं स्कूल में एक ही बेंच पर बैठते थे। हम होमवर्क और असाइनमेंट शेयर करते थे। उस वक्त जब हम डेट पर होते तो हमें पकड़े जाने का बहुत डर होता था। इसलिए हम ग्वालियर में जब पब्लिक प्लेस पर जाते तो अपना रिलेशनशिप छिपाने की पूरी कोशिश करते थे।

कार्तिक ने बताया कि कैसे पकड़े जाने पर वह अपनी गर्लफ्रेंड को अपनी कजन बता देते थे। कार्तिक बताते हैं, एक बार वैलंटाइंस डे पर मैं अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने रेस्ट्रॉन्ट गया। मुझे किसी फैमिली मेंबर या रिश्तेदार से पकड़े जाने का डर था। हम बहुत घूमते थे लेकिन पकड़े जाने से डरते थे। कई बार पकड़े जाने पर मैं अपनी उस गर्लफ्रेंड को अपनी कजन बता देता था। कार्तिक ने यह बातें कपिल शर्मा के चैट शो के दौरान बताईं।

# कोरियन फिल्म का रीमेक बनाने जा रहे हैं शाहरुख खान?

पिछले काफी समय से शाहरुख खान फिल्मों से गायब हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म जीरो को रिलीज हुए एक साल से ज्यादा का वक्त हो गया है। फिल्म में उनके साथ अनुष्का शर्मा और कटरीना कैफ थीं लेकिन फिल्म दर्शकों को पसंद नहीं आई। अब शाहरुख के फैन्स बेसब्री से उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अब खबर आ रही है कि शाहरुख का प्रॉडक्शन हाउस एक कोरियन फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने जा रहा है।



हालिया रिपोर्ट्स की मानें, शाहरुख खान की टीम ने कोरियन फिल्म अ हार्ड डे के हिंदी रीमेक बनाने के लिए राइट्स खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि शाहरुख और उनकी टीम को यह फिल्म बेहद पसंद आई है। यह भी पता चला है कि शाहरुख की टीम ने इस फिल्म को खरीदने के लिए भारी-भरकम रकम खर्च की है।

एक रिपोर्ट में यह भी बताया जा रहा है कि शाहरुख इस फिल्म के डायरेक्शन की कमान सुजॉय घोष को दे सकते हैं जो इससे पहले कहानी और बदला जैसी फिल्में बना चुके हैं। सुजॉय इस समय अभिषेक बच्चन के साथ बॉब बिस्वास बना रहे हैं। बता दें अ हार्ड डे एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो गलती से अपनी कार से एक आदमी को मार देता है। इसके बाद वह इसे छिपाने के लिए अपनी मां के अंतिम संस्कार के दिन उसकी लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश करता है।

इस बीच बता दें कि शाहरुख की अगली फिल्म के बारे में पिछले काफी समय से अटकलें लगाई जा रही हैं। कई बार ऐसी खबरें आई हैं कि वह राजकुमार हिरानी, अली अब्बास जफर या एटली जैसे कई डायरेक्टर्स के साथ काम कर सकते हैं। हालांकि शाहरुख ने अभी तक यह कन्फर्म नहीं किया है कि वह किसके साथ और किस फिल्म में काम करेंगे।